## झारखण्ड सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग

### कार्यालय आदेश

झारखंड के शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं/सुविधाओं को विकसित करने हेतु योजनाओं के सूत्रण, नियोजन, कार्यान्वियन, अनुश्रवण तथा प्रबंधन निमित्त झारखंड सरकार के निर्णय के आलोक में नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत विभागीय संकल्प संख्या 2601 दिनांक 09.07.2013 द्वारा झारखण्ड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको लि0) गठित है।

जुडको लि0 के द्वारा शहरी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण, जीर्णोद्धार, संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु रैयती भूमि के अधिग्रहण/क्रय, सरकारी भूमि का अन्तर्विभागीय निःशुल्क हस्तांतरण तथा वन भूमि के हस्तांतरण हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार के समक्ष ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने की कार्रवाई की जाती है।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार के समक्ष वन भूमि के हस्तांतरण हेतु ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने एवं अपेक्षित कार्य संपादित करने के लिए **श्री धर्म देव मिश्रा, परियोजना निदेशक (प्रशासन)** तथा **श्री प्रशांत दास, सूचना एवं प्रौधोगिकी पदाधिकारी** को प्राधिकृत किया जाता है।

17.4.18

**(अरुण कुमार सिंह)**
सरकार के अपर मुख्य सचिव।

**ज्ञापांक**–जुडको लि0/कार्यालय आदेश/119/2015–38/ **राँची, दिनांक**–17/04/18/

**प्रलिलिपिः**–अपर मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग, झारखण्ड, राँची/सभी उपायुक्त/सभी मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, नगर निकाय/श्री धर्म देव मिश्रा परियोजना निदेशक (प्रशासन) तथा श्री प्रशांत दास, सूचना एवं प्रौधोगिकी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17.4.18

सरकार के अपर मुख्य सचिव।